**लखीसराय जिला मुख्यालय के अंतर्गत मौजा जयनगर थाना-124, खाता-498, खेसरा-429, रकवा-22400 वर्गफूट अनुमंडल लखीसराय की अर्जित भूमि खसमहल, बिहार सरकार की भूमि पर खेल-सह-व्यायामशाला का निर्माण कार्य के लिए दिनांक: 28.11.2018 को प्राप्त ई0-पुनर्निविदा का तकनीकी बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 14.01.2019 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

**उपस्थिति:-**

1. **श्री अमित कुमार,** प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. **श्री उपेन्द्र नारायण,** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
3. **श्री रवि शंकर चौधरी,** संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
4. **श्री राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. **श्री रंजित प्र0 सिंह,** महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य

**कार्यवाही:-**

**1.योजना का नाम:-** लखीसराय जिला मुख्यालय के अंतर्गत मौजा जयनगर थाना-124, खाता-498, खेसरा-429, रकवा-22400 वर्गफूट अनुमंडल लखीसराय की अर्जित भूमि खसमहल, बिहार सरकार की भूमि पर खेल-सह-व्यायामशाला का निर्माण कार्य।

| | |
|---|---|
| **2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹661.00 लाख |
| **3.प्रावैधिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹730.54 लाख **(अनुज्ञेय सीमा के अधीन)** |
| **4.परिमाण विपत्र की राशि:-** | ₹6,71,56,341/- |
| **5.निविदा प्राप्त करने की तिथि:-** | 28.11.2018 |
| **6.निविदा खोलने की तिथि:-** | 30.11.2018 |
| **7.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| **8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** | दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान, दिनांक 27.10.18 |
| **9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:-** | 10454 (Ni.Ni) 2018-19 |

**10.निविदा में भाग लेनेवाले निविदादाता का नाम एवं पता:-**

(i) सुदेश कुमार सिंह एण्ड कं0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, कल्याणपुर, गिरिश टौकिज के नजदीक, जमुई
(ii) बालकृष्ण भालोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई-811307
(iii) माँ मंगला कंस्ट्रक्शन, ग्राम-रहूआ; पो0-एरोड्राम, गया-823004

**11. <u>तकनीकी मूल्यांकन समिति की समीक्षा:-</u>**

<u>प्रथमवार आमंत्रित निविदा:-</u> राष्ट्रीय स्पर्द्धा ई0-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-15/2018-19, जिसका पी0आर0 सं0-3134 (नि0नि0) 2018-19 है मे दो निविदादाता द्वारा भाग लिया गया था, तथा निगम का आदेश का पत्रांक-2240, दिनांक: 28.07.2018 के द्वारा उक्त निविदा को रद्द कर दिया गया था।

<u>द्वितीयवार आमंत्रित पुनर्निविदा (वर्त्तमान):-</u> इस निविदा में तीन निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, जिनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, मुंगेर द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत है:-

प्रथम निविदादाता "सुदेश कुमार सिंह एण्ड कं0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, कल्याणपुर, गिरिश टौकिज के नजदीक, जमुई" के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका 4.5B(b), के तहत Affidavite का कागजात निविदा आमंत्रित की तिथि से पूर्व की है, कंडिका 4.3A(c), के तहत Furniture work का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नही किया गया है एवं 4.5B(a), के तहत Steel Shuttering and water tanker का कागजात पाँच वर्ष से ज्यादा का संलग्न किया गया है। अतएव, इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

द्वितीय निविदादाता "बालकृष्ण भालोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई-811307" है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

तृतीय निविदादाता "माँ मंगला कंस्ट्रक्शन, ग्राम-रहूआ, पो0-एरोड्राम, गया-823004" है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की 4.2(i), के तहत इनके द्वारा दिया गया बैक क्रेडिट फैसिलीटी सशर्त है। अतएव, इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

**11. निगम निविदा समिति का निर्णय:-**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक 12.01.2019 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा के एकमात्र निविदादाता (i) बालकृष्ण भालोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई-811307 को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है तथा शेष दो निविदादाताओं (i) सुदेश कुमार सिंह एण्ड कं0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, कल्याणपुर, गिरिश टौकिज के नजदीक, जमुई एवं (ii) माँ मंगला कंस्ट्रक्शन, ग्राम-रहूआ, पो0-एरोड्राम, गया-823004 को तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है। साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि दिनांक 21.01.2019 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु अगली निगम निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में एकमात्र सफल निविदादाता " बालकृष्ण भालोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई-811307" का वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी मुल्यांकन समिति एवं निगम निविदा समिति की बैठक सम्पन्न होने के उपरांत वित्त विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना सं0-7806, दिनांक, 30.09.2016 के आलोक में कार्यावंटन पर निर्णय लेने हेतु निगम निदेशक पर्षद के समक्ष निविदा संबंधित सभी दस्तावेजों/कागजातों को प्रस्तुत करेंगे।

**12.** निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 14-1-19<br>(रंजित प्र0 सिंह)<br>महाप्रबंधक (दक्षिण)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 14.01.19<br>(तपेश्वर प्र0 साह)<br>महाप्रबंधक (वित्त)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 14.1.19<br>(राकेश कुमार)<br>मुख्य महाप्रबंधक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| 2019<br>(रवि शंकर चौधरी)<br>संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | (उपेन्द्र नारायण)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | 14/1/19<br>(अमित कुमार)<br>प्रबंध निदेशक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |